हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आ के साथ दी बप्पा को विदाई



07 हर्षोल्लास के साथ दी बप्पा को विदाई विधिवत पूजा-अर्चना कर...



खबर संक्षेप

चुनाव के लिए व्यापारी ने जमा किया शुल्क

विदिशा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के चुनाव 4 अक्टूबर रविवार को होना है। जिसके लिए राधेश्याम माहेश्वरी, विवेक जैन, कुलदीप गुप्ता और यश जैन ने फार्म लिए और शुल्क जमा किया। 26 एवं 27 सितंबर को भी फार्म वितरण व उम्मीदवारी शुल्क जमा की जा सकेगी। इन दिनों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बंसल वस्त्रालय पर शुल्क जमा की जा सकेगी। 28 सितंबर को सभी फार्मों की जांच की जाएगी। 29 को नाम वापसी होगी। 4 अक्टूबर को संघ कार्यालय पुरानी गल्लामंडी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चुनाव होगा।

राजेश सोनी खुबाल फिर बने महामंत्री

विदिशा। सर्राफा एसोसिएशन विदिशा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राजेश सोनी



खुबाल को पुनः महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। लोकेश चौधरी को सहमंत्री और अनुराग गोयल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। व्यापार महासंघ डायरेक्टर के लिए राजेश सर्राफ, संजीव भंडारी, वैभव सर्राफ और रोहित अग्रवाल को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में हीरालाल रघुवंशी, रमेश स्वर्णकार, रूपेश गर्ग, कमलेश सोनी, घनश्याम अग्रवाल, मनीष मंगल और अंकेश अग्रवाल शामिल हैं।

इंद्र सभा मंचन के साथ दशलक्षण धर्म समापन

विदिशा। किले अंदर स्थित शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में अनंत चतुर्दशी महापर्व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह श्रीजी का अभिषेक, नित्य पूजन-विधान के बाद भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक मनाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। दोपहर में चौदस की धारा और दशलक्षण धर्म की पूजन हुई। पं. संयम शास्त्री ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का महत्व बताते हुए आत्मस्वरूप में रमण को ही ब्रह्मचर्य बताया। शाम को भक्ति-प्रवचन के बाद इंद्र सभा का मंचन हुआ। श्रद्धालुओं ने अनंत व्रत धारण कर सुख-समृद्धि की कामना की। डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन, एसडीएम मनीष जैन मौजूद रहे

प्रमुख सचिव ने स्वास्थ्य व पोषण व्यवस्थाएं देखीं

ग्यारसपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव जीवी रश्मि ने शुक्रवार को ग्यारसपुर क्षेत्र का दौरा कर आंगनबाड़ी, कम्युनिटी किचन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता, डीपीओ विनीता लोढ़ा और एसडीएम शशि मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने कम्युनिटी किचन में बच्चों के लिए तैयार होने वाले पोषण आहार की जानकारी ली। एनआरसी पहुंचकर कुपोषित बच्चों के उपचार और पोषण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छ एवं उबला पानी पिलाने, साफ-सफाई रखने और पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। प्रसूति कक्ष का निरीक्षण किया। बीएमओ नथ्थी अहिरवार मौजूद रहीं।

सीबीजी प्लांट के लिए भूमि चिन्हित

विदिशा। जिले में नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए नटेरन, बासौदा और कुरवाई में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक विकासखंड में 15 से 20 एकड़ शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया जा रहा है। भूमि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को दीर्घ अवधि की लीज पर दी जाएगी। प्लांट में मक्का, धान, गेहूं सहित अन्य फसलों के अवशेषों का उपयोग होगा। इससे नरवाई जलाने से होने वाले प्रदूषण और मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले असर को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही किसानों को फसल अवशेषों से अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा।

बप्पा की हुई विदाई



विदिशा। भगवान गणेश को विदा करने बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरित की गई।

गणेश विसर्जन के लिए बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर उमड़ा जन सैलाब, रातभर निकला चल समारोह

चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात, हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन रहे मौजूद, हिंदू उत्सव समिति ने शहर में 6 मंचों से किया संचालन







विदिशा। 12 दिवसीय गणेशोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से भगवान गणेश को विदाई दी। शहर में रातभर चल समारोह निकाला गया। चप्पे- चप्पे पर पुलिस तैनात रही। करीब 100 से अधिक झांकियां समारोह में शामिल हुईं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मुख्य बाजार में दुकानों के नीचे बैठकर चलसमारोह देखा। पुलिस और प्रशासन दोनों पर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। साकेत एमजीएम स्कूल ने अनंत चतुर्दशी पर मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा का हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया। संस्था संचालक ने सभी के सुखद, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की प्रतिमाओं का उपयोग करने का संदेश दिया।

पढ़ाई के दौरान गलत संगत में आने के कारण नशे के आगोश में समा गया युवक

नशा मुक्ति केंद्र से भागा, बेचता था घर का सामान, ड्रग्स के ओवरडोज से युवक की मौत

शहर में लगातार ड्रग्स के ओवरडोज से मौतों के मामले सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को फिर एक घटना सामने आई। युवक की मौत के बाद परिजनों ने कहा की मौत ड्रग्स के ओवरडोज के कारण हुई है। इधर पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौके के सही कारण का पता चल सकेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एक बार फिर शहर में 26 साल के आदर्श (अजय) मालवीय की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह बसस्टैंड के पीछे रहता था। परिजनों का आरोप है कि उसकी मौत ड्रग्स के ओवरडोज से हुई है।

हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम किया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक मौत की वजह स्पष्ट नहीं की है। आदर्श के पिता का करीब 15 साल पहले निधन हो गया था। इसके बाद उसकी मां ने बेटे और छोटी बेटी की अकेले परवरिश की।

परिवार के मुताबिक पढ़ाई के दौरान आदर्श गलत संगत में पड़ गया था। उसे इंजेक्शन और पाउडर जैसे नशे की लत लग गई थी। परिवार पिछले कई साल से उसका इलाज करा रहा था। उसे विदिशा के नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक वह केंद्र का दरवाजा तोड़कर वहां से भाग आया था। परिवार का कहना है कि नशे की लत बढ़ने के बाद आदर्श घर का सामान तक बेच देता था। पैसे नहीं मिलने पर मां और बहन से झगड़ा करता था। उसकी छोटी बहन बसस्टैंड इलाके में जूतों का स्टॉल लगाती है और परिवार चलाने में मां की मदद करती है। परिजनों ने बसस्टैंड इलाके में खुलेआम ड्रग्स बिकने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आदर्श के साथ नशा करने वाले कई युवक पहले भी जान गंवा चुके हैं। परिवार ने नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया है।

पुलिस बोली- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद साफ होगी मौत की वजह

कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि परिजनों ने ड्रग्स के ओवरडोज से मौत का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रियंक कानूनगो बोले: सप्लाई चेन तक पहुंचनी चाहिए जांच

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने विदिशा में नशे से युवाओं की मौत की घटनाओं को चिंताजनक बताया है।



उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच केवल मर्ग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। मौत की वजह और पूरे मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल, वॉट्सऐप चैट, डिजिटल फोरेंसिक और लोकेशन की जांच से यह पता लगाया जा सकता है कि वह नशा कहां से खरीदता था और उसके संपर्क में कौन लोग थे। कानूनगो के मुताबिक, जांच का उद्देश्य सिर्फ मौत की वजह पता करना नहीं, बल्कि नशे की सप्लाई चेन तक पहुंचना भी चाहिए। उन्होंने नशा बेचने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और उनकी अवैध संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सितंबर में विदिशा में नशे से जुड़ी मौत का यह तीसरा मामला है। शहर में नशे के कारोबार और युवाओं में बढ़ती लत को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

करारिया पुलिस ने 3 जुआरी दबोचे, 15 हजार 460 जब्त

नकदी सहित आरोपियों की 2 बाइक भी जब्त की गईं



पुलिस गिरफ्त में आए तीनों आरोपी

विदिशा। करारिया पुलिस ने 3 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 15 हजार 460 रुपए नकद, दो बाइक और एक एलईडी बल्ब सहित कुल 1 लाख 35 हजार 860 रुपए का सामान जब्त किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में धर्मेंद्र दांगी (33) और नीलेश लोधी (32), दोनों निवासी बंटीनगर विदिशा तथा प्रदीप उर्फ मोनू कुशवाह (28), निवासी करैया खेड़ा रोड विदिशा शामिल हैं। कार्रवाई एएसपी मोनिका तिवारी और सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा राय सहित पुलिस टीम ने की।

17 अक्टूबर तक बनेंगे लर्निंग लाइसेंस

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के शासकीय व अशासकीय कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। छात्रों को यातायात नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन और वैध ड्राइविंग दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी। कॉलेज में ही ऑनलाइन आवेदन और टेस्ट कराने में सहयोग मिलेगा। लर्निंग लाइसेंस के लिए आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट होना जरूरी है। ऑनलाइन टेस्ट में 20 में से 12 प्रश्नों के सही उत्तर देना होगा। विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई, शमशाबाद, लटेरी में शिविर लगेंगे।

25 साल से चल रहा था वृद्धाश्रम, विकास के नाम पर मकान किया जमींदोज, 2 माह बाद भी बायपास का काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

नगर में बायपास सड़क निर्माण के लिए दो मकान तोड़े जाने के बाद अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं होने से कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

- **दो दिन के भीतर मकान खाली करने दिए थे निर्देश।**

रामदेव बाबा मंदिर के पास नरेंद्र साहू के दो मकानों में करीब 25 वर्षों से निशुल्क वृद्धाश्रम संचालित हो रहा था। यहां गरीब और असहाय बुजुर्गों के लिए भोजन की व्यवस्था भी थी। शासन के महिला एवं विद्यार्थी संबंधी कैंप भी इन्हीं भवनों में लगाए जाते थे। बायपास निर्माण में मकानों को



शमशाबाद। मौके पर अभी भी पड़ा है मलवा।

बाधक बताते हुए नगर परिषद ने 7 जुलाई और तहसील कार्यालय ने 9 जुलाई को नोटिस जारी कर दो दिन में भवन खाली करने के निर्देश दिए। नरेंद्र साहू के अनुसार उन्होंने समय सीमा में सामान हटाकर मकान खाली कर दिए। इसके बाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रेमलता पाल और नगर परिषद की टीम की मौजूदगी में जेसीबी से दोनों मकान ढहा दिए गए। साहू ने बताया कि मकान टूटे दो माह से अधिक समय हो चुका है, लेकिन सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ।

उनका कहना है कि विकास के नाम पर उन्होंने कार्रवाई में सहयोग किया, लेकिन अब सड़क का अता-पता नहीं है। तहसीलदार संजय चौकसे ने कहा कि मकान तोड़े जाने और नोटिस की जानकारी उन्हें नहीं है, वे मामले की जानकारी लेकर बताएंगे। वहीं निर्माण से जुड़े लोगों के अनुसार सड़क की स्वीकृति और बजट मिलने के बाद ही निर्माण होगा।

सड़क पर मिले 50 हजार व जरूरी दस्तावेज लौटाए

वीरेंद्र जैन ने पुलिस को सौंपी राशि, पुलिस ने वास्तविक हकदार को लौटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सड़क पर मिली 50 हजार रुपए की नकदी और जरूरी बैंक दस्तावेज सुरक्षित रखकर पुलिस को सौंपने वाले 66 वर्षीय वीरेंद्र जैन ने ईमानदारी की मिसाल पेश की।

23 सितंबर को फरियादी रंधीर सिंह ठाकुर ने कोतवाली में 50 हजार नगद, पासबुक और चेकबुक गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर गुम राशि और दस्तावेजों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि खरीफाटक रोड निवासी वीरेंद्र जैन पिता स्व. लाल जैन को सड़क पर काली पन्नी में 50 हजार, पासबुक और चेकबुक मिली थी। उन्होंने राशि और दस्तावेज सुरक्षित रखकर पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार



राशि वापस सौंपते हुए।

को फरियादी रंधीर सिंह ठाकुर को उसकी पूरी राशि और आवश्यक दस्तावेज वापस सौंप दिए। इस कार्रवाई में निरीक्षक आनंद राज, प्रधान आरक्षक धर्मेश बर्थे, आरक्षक अभिषेक मौर्य और आरक्षक आनंद गौतम की भूमिका रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थान पर कोई गुम वस्तु या राशि मिलने पर उसे पुलिस को सौंपे, ताकि वह वास्तविक मालिक तक पहुंच सके।

हत्या के मामले में 2 साल से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी जलाल खान को पुलिस ने किया गिरफ्तार



विदिशा। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी।

विदिशा। लटेरी के ग्राम मलनिया में वर्ष 2024 में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान सिद्दीक खान की मौत के मामले में पुलिस ने करीब दो साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी जलाल खां (85) को गिरफ्तार किया है।

थाना लटेरी में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना के बाद से फरार चल रहे ग्राम मलनिया निवासी जलाल खां की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने 1 फरवरी 2025 को आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम को 24 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली। थाना प्रभारी बीभेन्द्र व्यंकट टांडिया के नेतृत्व में टीम ने मलनिया में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे उप जेल लटेरी भेज दिया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सामूहिक वंदे मातरम गान

विद्या भारती के संयोजन में नमामि भारतम अभियान के तहत हुआ आयोजन, राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंजा परिसर

नमामि भारतम अभियान के उद्देश्य बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा


विद्या भारती के संयोजन में नमामि भारतम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राएं, स्कूल के शिक्षकों सहित



विदिशा। छात्र छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने एक साथ गाया वंदे मातरम।

अभिभावकों, पूर्व छात्रों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी मनोज कटारे ने वंदे मातरम के गौरवपूर्ण इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि भारतभूमि के प्रति श्रद्धा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह, अपना घर वृद्ध आश्रम के सचिव गोवर्धन सिंह चौहान, श्री रामकृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव उदय ढोली और उपसमिति अध्यक्ष गोपाल शरण पाठक उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख दिनेश शर्मा ने नमामि भारतम अभियान के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना मजबूत करते हैं। सामूहिक वंदे मातरम गान से विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के स्वर से गूंज उठा। संचालन निशा कुशवाह ने किया और आभार गोलू शर्मा ने माना।

ग्यारसपुर में गूंजा वंदे मातरम सामूहिक गायन में दिखा राष्ट्रप्रेम



ग्यारसपुर। वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर ग्यारसपुर में सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा ग्यारसपुर मंडल अध्यक्ष अजय सिंह गुर्जर रहीं। विशेष अतिथि भंवर लाल लोधी व दीपक रघुवंशी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता जिला प्रमुख विदिशा पंकज सेन ने वंदे मातरम के इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गीत की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। संचालन प्रधानाचार्य भगवानदास तिवारी ने किया।

खबर संक्षेप

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

गंजबासौदा। आल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष सुधीर दुबे ने बताया कि गुरुवार को संगठन की बैठक श्री नवाव खान संरक्षक गुलाबगंज शाखा की अध्यक्षता में लोक निमार्ण विभाग स्थित हॉल में संपन हुई। जिसमें पचास से अधिक पेंशनर्स सदस्यों ने भोपाल में आयोजित धरने में शामिल होने हेतु संकल्प लिया। पेंशनर्स का यह धरना लंबित 2% महंगाई भत्ता, सेवा निवृत्ति उपरांत 30 जून / 31 दिसंबर को एक वेतनवृध्दि का लाभ, ऐरियर सहित भुगतान, पेंशनर्स की मृत्यु होने पर 1 लाख अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान, पेंशनर्स के बेरोजगार बच्चों के पीले राशन कार्ड जारी करना, सीएम केयर फंड योजना में शासकीय कर्मचारियों की भांति 1% अंशदान लेने,पेंशनर्स हितैषी शासकीय आदेश का कड़ाई से पालन, निश्चित अवधि में पालन सहित अन्य मांगों को लेकर किया जा रहा है। पेंशनर्स प्रतिनिधियों में चंदन सिंह कुशवाह, जगदीश सिंह राजपूत, अब्दुल वहाब सिद्दिकी, रविशंकर लोहिया, राजकुमार पाराशर, जयराम अहिरवार, द्वारका प्रसाद चौरसिया, केएन नामदेव, ओपी दुबे, सलीम अहमद मंसूरी, रमेश विश्वकर्मा, मुकेश कंचन, रमेश यादव, लाल सिंह राजपूत आदि पेंशनर्स द्वारा धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक पेंशनर्स से शामिल होने की अपील की गई है।

अनुभवों की धरोहर को मिलेगा सम्मान

गंजबासौदा। उम्र के साथ जीवन का अनुभव बढ़ता है और यही अनुभव समाज की अगली पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी पूंजी बनता है। इसी सोच के साथ रघुवंशी समाज द्वारा 1 अक्टूबर को वृद्धजन सम्मान दिवस आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध जनों का सम्मान कर उनके जीवन अनुभव, संघर्ष और संस्कारों से नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा भी सामाजिक पहल करते हुए 1 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे रघुवंशी धर्मशाला विदिशा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सूत्रधार रघुवंशी समाज जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि आयोजन जिला रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा। समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना मजबूत करने, संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने, सामाजिक एकता बढ़ाने और सामूहिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले वरिष्ठजनों से आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए आधार कार्ड की प्रति जमा कराने का आग्रह किया गया है। आधार कार्ड की प्रति विशाल इंटरप्राइजेस, राजाराम रघुवंशी, घूंघट घुंघरू ज्वेलर्स, हीरालाल रघुवंशी के पास जमा कर सकते हैं।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजल्लित कर विधायक कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 25 सितंबर को मथुरा के नागला चंद्रभान गांव में हुआ था। वह बचपन से ही शिक्षा एवं सामाजिक जीवन में अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। बचपन में ही आरएसएस के स्वयं सेवक बने एवं जिला प्रचारक, प्रांत प्रचारक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर कार्य किया। लंबे समय तक भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। इस दौरान उनका विचार था राष्ट्रहित सर्वोपरि और जब भी हम सत्ता में आये तब लक्ष्य अंत्योदय पथ अंत्योदय के सिद्धांत पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं का लाभ मिले, ऐसे प्रयास किये जाऐं। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार और सभी भाजपा शाषित राज्यों की सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए एकात्म मानववाद के दर्शन के रूप में काम कर रही हैं। उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जितेन्द्र मीणा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, राजेश अरोरा, महेंद्र लोधी, दौलतराम खटीक, संदीप रघुवंशी ,प्रीति तिवारी, सुमन आचार्य, ज्योति रघुवंशी, नीलम रघुवंशी ,रजनी रैकवार, ओमकार सिंह रघुवंशी, प्रमोद यादव सहित सभी जनप्रतिनिधिगण,कार्यकर्तागण और पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन नगर मन्डल महामंत्री राकेश खटीक ने किया एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष राजू रैकवार ने माना।

किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में शासन-प्रशासन का ध्यान किसानों की बदहाल स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू करने की मांग की गई है। विधानसभा अध्यक्ष तोरनसिंह रघुवंशी एवं किसान कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्य रूप से मांगें रखीं। ज्ञापन में कहा गया है कि कहीं अल्पवर्षा तो कहीं अतिवृष्टि तथा पीला मोजेक रोग के कारण सोयाबीन एवं उड़द की फसलें पूर्णतः नष्ट हो चुकी हैं। शासन द्वारा तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा एवं बीमा राशि प्रदान की जाए। डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरक वितरण हेतु लागू ई-टोकन व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की भांति सोसायटियों के माध्यम से खाद का वितरण कराया जाए। पूर्व विधायक निशंक जैन ने बताया कि किसानों को सिंचाई हेतु दिन के समय कम से कम 12 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को शीघ्र गौशालाओं में भिजवाया जाए। उड़द एवं सोयाबीन के पंजीयन शीघ्र शुरू कर समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए तथा भावांतर योजना प्रारंभ की जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज मंडी में कम दामों पर न बेचनी पड़े, शासन शीघ्र टीम गठित कर सर्वे कार्य शुरू करवाए। किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की इन जायज मांगों एवं समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस एवं समस्त किसान भाई सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। इस मौके पर विकास शर्मा, जवाहर सिंह रघुवंशी, सत्यप्रकाश सेन, बीडी शर्मा, यशवंत गुर्जर बंटी, नितिन दुबे, बंटी मेहता, विष्णु शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बेतवा सहित अन्य नदियों में हुआ विसर्जन

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आ के साथ दी बप्पा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा







दस दिनों से चल रहे गणेशोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में पूजन अर्चन कर भगवान श्री गणेश से मंगल कामना एवं अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना के साथ उनकी विदाई की। साथ ही अनंत चतुर्दशी के अवसर पर घरों में पूजन के बाद अनंत भी बांधे गए। वहीं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के झांकी पंडालों में हवन पूजन एवं कन्या भोज भंडारे के बाद शाम को धूमधाम से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

प्रशासन ने की विसर्जन की विशेष व्यवस्था

गंजबासौदा। इस बार गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर नपा प्रशासन द्वारा तैयारियां की गई थीं। प्रशासन ने पुल से पहले ही प्रतिमाओं को अपने वाहनों में रखवाया और फिर नदी तक ले जाकर सुरक्षित तरीके से उनका विसर्जन किया। जिसमें बड़ी प्रतिमाओं का पुल से क्रेन की मदद से और छोटी प्रतिमाओं को कुण्ड में विसर्जित किया गया। इस कारण कई श्रद्धालुओं एवं झांकी पंडाल संचालकों ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बेतवा नदी न जाकर आसपास के जलाशयों, केवटन नदी, सिंध नदी और खानवा नदी एवं जालौरी तालाब में प्रतिमा विसर्जन किया। इस अवसर पर बेतवा नदी के अलावा केवटन, सिंध सहित जलाशयों में भी प्रतिमा विसर्जन हुआ। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी को लेकर सुबह से ही उत्साह रहा। पंडालों में सुबह हवन पूजन एवं कन्या भोज हुए।

वहीं घरों में भी पूजन अर्चन के बाद भगवान गणेश को विदाई दी गई। इसके बाद भगवान गणेश का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया गया। भगवान गणेश की मूर्तियों को गाजे बाजे के साथ नदी जलाशयों तक ले जाकर विसर्जित किया गया। शहर के कई स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में भी विराजे भगवान गणेश को विदा किया गया। दोपहर से प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ ,जो देर रात तक जारी रहा। गणेश विसर्जन के अवसर पर प्रशासनिक अमला, सिटी थाना प्रभारी, देहात थाना प्रभारी, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

उधर विसर्जन के लिए गंज पुल, रिपटा घाट और बरीघाट पर आवश्यक पुलिस व्यवस्था के साथ नपा अमला, गोताखोर स्थानीय कोटवार भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किए गए। वहीं कुछ जागरुक लोगों ने अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों में विराजित मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का बर्तनों में ही विसर्जन किया। प्रतिमा के पूरी तरह गल जाने के बाद उस मिट्टी को गमलों में उपयोग किया जाएगा।

अपनी शुद्ध आत्मा के स्वरुप में लीन रहना ही सच्चा ब्रह्मचर्य है



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दस लक्षण धर्म में सबसे महत्वपूर्ण अंग उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म ही कहा गया है। साधारण शब्दों में ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल शारीरिक कामवासना का त्याग माना जाता है, लेकिन जैन दर्शन में इसका आध्यात्मिक अर्थ बहुत गहरा है। पंडित मुन्ना लाल शास्त्री ने शास्त्र का वाचन करते हुए बताया कि दस धर्मों में अंतिम धर्म उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। यह केवल इंद्रियों पर नियंत्रण रखने का नाम नहीं, बल्कि मन, वचन और शरीर को विषय-विकारों से दूर रखकर आत्मा की ओर लौटने की साधना है। पर्यूषण पर्व के दौरान मनाए जा रहे उत्तम धर्मों की श्रृंखला में उत्तम ब्रह्मचर्य हमें यह संदेश देता है कि वास्तविक सुख बाहरी भोग-विलास में नहीं, बल्कि आत्मसंयम और आत्मानुशासन में है। गृहस्थ जीवन में भी ब्रह्मचर्य का पालन केवल त्याग के रूप में नहीं, बल्कि मर्यादित और संयमित जीवनशैली के रूप में किया जा सकता है। अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण, नकारात्मक विचारों से दूरी और इंद्रियों का सदुपयोग यही उत्तम ब्रह्मचर्य की व्यावहारिक साधना है। 1008 श्री वासुपूज्य स्वामी के मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर स्थानीय श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर परिसर में पर्यूषण पर्व के दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना बड़े ही भक्ति भाव के साथ की गई। वहीं मूलनायक चंद्रप्रभु भगवान का महा मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा हुई। संगीतमय पूजन के साथ जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भी बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया। उपरोक्त जानकारी श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के मीडिया प्रभारी अर्पित जैन द्वारा दी गई।

मस्जिद में जहां दुआ में उठे हाथ, गौ अभियान को मुस्लिम समाज का समर्थन



गंजबासौदा। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के अभियान में शुक्रवार को नगर ने सामाजिक सद्भाव की ऐसी तस्वीर पेश की, जिसने पूरे अभियान को एक अलग संदेश दे दिया। जुमे की नमाज के बाद नूरानी मस्जिद में मुस्लिम मोमिनों ने गोसेवकों के हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर हस्ताक्षर किए। यह सहभागिता केवल अभियान में समर्थन दर्ज कराने तक सीमित नहीं रही, बल्कि मजहब की सीमाओं से ऊपर उठकर भाईचारे, सामाजिक एकता और परस्पर सम्मान का संदेश देती नजर आई। ज्ञात हो कि नगर में गौ सम्मान अभियान के पहले चरण से लेकर अब तक लगातार जनभागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। 22 हजार से अधिक हस्ताक्षरों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब एक लाख के स्थानीय लक्ष्य तक पहुंच चुका है। इसी कड़ी में नूरानी मस्जिद में मुस्लिम समाज की सहभागिता ने अभियान को गौ संरक्षण के साथ हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सद्भाव का भी संदेश दे दिया। मस्जिद में नमाज के बाद जब अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गौ संरक्षण और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से चल रहे हस्ताक्षर अभियान की जानकारी दी तो मुस्लिम समाज के लोगों ने भी आगे बढ़कर इसमें सहभागिता की। नूरानी मस्जिद से सामने आई यह तस्वीर शहर में हिंदू-मुस्लिम सामाजिक समरसता की मिसाल बन गई। 27 अप्रैल को चलाए गए पहले चरण में गंजबासौदा तहसील से 22 हजार से अधिक हस्ताक्षर जुटाए गए थे। उस समय वार्ड-वार्ड और घर-घर संपर्क के साथ चौराहों पर गौ सम्मान सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे। विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजार, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों को अभियान से जोड़ा गया। इसके बाद अभियान ने दूसरे चरण में प्रवेश किया। नौलखी मंदिर स्टेशन रोड पर संतों की मौजूदगी में हुई बैठक में अभियान को और व्यापक बनाने की रणनीति तैयार की गई और 5 लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया। गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और सामाजिक आयोजनों तक अभियान पहुंचाया गया। रामधुन, भजन-कीर्तन और जनजागरण के माध्यम से भी लोगों को जोड़ा गया। 4 दिसंबर के सम्मेलन में मलूक पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर पूज्य राजेंद्र जी महाराज सहित देशभर से करीब 200 संत और विद्वान शामिल होकर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। ऐसे में गंजबासौदा से एक लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य स्थानीय स्तर पर अभियान की बड़ी जनभागीदारी को दर्शाता है। अब अभियान को 4 दिसंबर के बड़े आयोजन से जोड़ा गया है। भोपाल के जंबूरी मैदान में प्रदेश भर से जुटाए गए लाखों हस्ताक्षर पहुंचाए जाएंगे। गंजबासौदा से इस चरण में एक लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले और शहर में लगातार अभियान चल रहा है। सामाजिक समारोहों के साथ स्कूलों और विद्यालयों में भी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को अभियान से जोड़ रहे हैं, उद्देश्य है कि 4 दिसंबर तक अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता दर्ज हो।

देशभक्ति से ओतप्रोत रहा आयोजन, विद्यार्थियों को दी वंदे मातरम की विस्तृत जानकारी

वंदे मातरम की 150 वीं जयंती पर हुआ सामूहिक वंदे मातरम का गायन




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विद्या भारती संस्थान, नई दिल्ली के आह्वान पर वंदे मातरम की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल में सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी विद्या भारती संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर से पधारे बृजेंद्र मंडपे ने संभाली और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मुख्य वक्ता रोहित भावसार, विशेष अतिथि संगीत आचार्य महेंद्र सिंह राजपूत एवं पंकज तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय की संगीत टीम ने सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके पश्चात संस्था के डायरेक्टर द्वारा अतिथियों का पुष्पहार, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने वंदे मातरम गीत के महत्व के साथ-साथ बच्चों में संस्कार भावना को जागृत करने की बात कही। वहीं मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में वंदे मातरम की प्रारंभिक रूपरेखा एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता रोहित भावसार ने अपने ओजस्वी संबोधन में वंदे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम ने देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं मातृभाषा के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि देश अंग्रेजों की गुलामी से तो आजाद हो गया, लेकिन अंग्रेजी मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना अभी भी एक चुनौती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के प्रति भी सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शुरू से ही हमें मैकाले शिक्षा पद्धति के माध्यम से पढ़ाया जाता है जिस में क से कबूतर आज बताया जा रहा है। वहीं हमारे बच्चों को देश के आक्रांताओं के बारे में तो बताया जाता है, किंतु जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया, उनके बारे में बिल्कुल ही नहीं बताया जाता। आज हमें हिंदी वर्णमाला में भ से भगत सिंह पढ़ाना चाहिए न कि भ से भट्टी। हमारा वंदे मातरम गीत हमारे अंदर ओजस्व को प्रवाहित करता है। विशेष अतिथि संगीत आचार्य महेंद्र सिंह राजपूत ने भारतीय संस्कृति में कर्तव्य एवं ऋण की भावना को समझाते हुए कहा कि जनेऊ के तीन धागे माता-पिता और राष्ट्र के प्रति दायित्वों का स्मरण कराते हैं। उन्होंने भगवान राम, भगवान कृष्ण, महावीर स्वामी, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों के जीवन का उदाहरण देते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र अक्षय रघुवंशी ने अपनी स्वरचित कविता 'मर्यादा' का प्रभावशाली पाठ किया।

कविता में हाल ही में बिहार में घटित घटना के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का अपार उत्साह दिखाई दिया।

एलबीएस कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों, सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटक तथा सर्व सेवा अभियान के अंतर्गत अपने विचार प्रस्तुत किये गए। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना में सक्रिय रूप से योगदान देने वाले वरिष्ठ स्वयंसेवकों का सम्मान व सांस्कृतिक प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों, समर्पण एवं योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्रहित में निरंतर सेवा कार्य करने तथा "नॉट मी बट यू" की भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नम्रता अरोड़ा द्वारा नव प्रवेशित स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से परिचय कराया गया तथा उन्हें समाज सेवा के साथ साथ अपने व्यक्तित्व को किस तरह से उन्नत बनाया जा सकता है के बारे में समझाया गया। साथ ही नव प्रवेशित स्वयंसेवकों को वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा विगत 2 वर्षों में अपने सेवा कार्यों को एक लघु फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ।

इस आयोजन ने स्वयंसेवकों में सेवा, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

खबर संक्षेप

मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर होगा संपन्न

सागर। हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल परिवार के मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद प्रतिमा के समक्ष सिविल लाइंस वार्ड, सागर गैरे रेस्टोरेंट के पास संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष डॉ.हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय अंशुल शर्मा होंगे। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों, जिला कार्यकारिणी सदस्यो, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, नगर निगम पार्षद गणों, एन एस यू आई,यंग ब्रिगेड, सेवादल परिवार से रविवार 27 सितम्बर सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम स्थल उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

आज सागर में जुटेगी देश की शीर्ष साहित्यिक हस्तियां

सागर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर और इंशाद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 26 सितंबर शनिवार को दोपहर 1 बजे से एक ऐतिहासिक साहित्यिक महाकुंभ 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के आदि गुरु शंकराचार्य ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली इस विशेष काव्य-संध्या में देश-प्रदेश के शीर्षस्थ एवं ख्यातिलब्ध शायर तथा कवि अपनी रचनाओं से सागर के साहित्यप्रेमियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस वृहद साहित्यिक आयोजन में मुंबई से उर्दू अदब के जाने-माने नाम श्री राजेश रेड्डी व श्री नवीन जोशी, भोपाल से प्रसिद्ध शायरा डॉ. नुसरत मेहदी, हरदोई से सुप्रसिद्ध कवयित्री सुश्री पल्लवी मिश्रा, कोटा से श्री तनोज दाधीच, पटियाला से श्री अश्विनी मित्तल तथा सागर के लोकप्रिय रचनाकार श्री अशोक मिज़ाज व श्री आदर्श दुबे अपनी ओजस्वी व सरस रचनाओं का पाठ करेंगे।
महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता तथा कार्यक्रम के सह-आयोजक श्री अशोक मिज़ाज एवं श्री आदर्श दुबे ने सागर नगर के समस्त प्रबुद्धजनों, साहित्यक अनुरागियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस गरिमामयी और अविस्मरणीय साहित्यिक समागम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

कलेक्टर ने सब हेल्थ सेंटर केरबना का किया औचक निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शुक्रवार को सब हेल्थ सेंटर केरबना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता और गर्भवती महिलाओं की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से क्षेत्र की हाई रिस्क (उच्च जोखिम वाली) गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली। उन्होंने सीएचओ और एएनएम से जानकारी लेते हुए जाना कि जोखिम पूर्ण गर्भावस्था वाली महिलाओं की ट्रैकिंग और देखरेख किस प्रकार की जा रही है तथा उनकी सुरक्षा के लिए क्या ठोस उपाय अपनाए जा रहे हैं।

झमाझम बारिश के बीच नम आंखों से बप्पा को दी विदाई

खुरई। शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी पर झमाझम बारिश के बीच खुरई नगर व ग्रामीण क्षेत्र में विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से किया गया। 10 दिन तक चले गणेश उत्सव के समापन पर पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं को नरेन नदी और बीना नदी में विसर्जित किया गया। शंखनाद के साथ पूरे भक्तिमय वातावरण में हिंदू समुदाय ने बप्पा को विदा किया। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष और ढोल-नगाड़ों के साथ मूर्तियों को लेकर घाट तक पहुंचे। नगर पालिका द्वारा नरेन नदी पर पहले से ही व्यवस्था कर ली गई थी।

विदाई के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ भावुकता भी देखने को मिली

हर्षोल्लास के साथ दी बप्पा को विदाई विधिवत पूजा-अर्चना कर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर सहित तहसील क्षेत्र में गणपति बप्पा को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ विदाई दी गई। दस दिनों तक घरों और पंडालों में विराजमान रहे भगवान श्री गणेश की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ भावुकता भी देखने को मिली। कई स्थानों पर बप्पा की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने अगले बरस फिर से जल्दी आने का वादा लेते हुए गणपति प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया। सुबह से ही शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर हवन किया और आरती उतारी। कई स्थानों पर कन्याभोज सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसके बाद ढोल-ढमाकों और डीजे की धुन के बीच गणपति प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। युवा डीजे की धुन पर नाचते-झूमते हुए गणपति प्रतिमाओं के साथ विसर्जन स्थल तक पहुंचे।

घर-घर से निकली बप्पा की विदाई यात्रा



जिन श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान श्रीजी की प्रतिमा स्थापित की थी, उन्होंने भी विधि-विधान से पूजन कर प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले गए। परिवार के सदस्य भगवान गणेश की प्रतिमा को लेकर विसर्जन स्थल पहुंचे। वहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पहले बप्पा का पूजन किया, आरती उतारी और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी बप्पा को अंतिम विदाई देने पहुंचे। इस दौरान पूरा माहौल गणपति के जयकारों से गूंजता रहा। कई परिवारों ने विसर्जन से पहले सामूहिक रूप से आरती और प्रार्थना की।

कैथन डेम पर देर शाम तक चलता रहा विसर्जन

गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कैथन डेम पर दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई थी। देर शाम तक प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। परिवारों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे भी विसर्जन स्थल पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले पूजा-अर्चना की और इसके बाद भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को जल में विसर्जित किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर पालिका द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। विसर्जन स्थल पर रोशनी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

पंडालों में दिनभर चले हवन-पूजन और कन्याभोज

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में सुबह से लेकर शाम तक धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का अभिषेक कर हवन-पूजन किया। कई पंडालों में कन्याभोज का आयोजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद गणपति बप्पा की आरती कर उन्हें विदाई दी गई। शहर के गणेश पंडालों से दोपहर बाद विसर्जन यात्राएं निकलना शुरू हुईं। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। युवा वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने गणपति प्रतिमाओं की आरती कर पुष्प वर्षा की और भगवान श्रीजी से अगले वर्ष फिर से घर और पंडाल में पधारने की प्रार्थना की।

दस दिनों में बदली दिनचर्या भक्ति का बढ़ा भाव

गणपति विसर्जन के लिए पहुंची महिलाओं ने बताया कि बप्पा के घर में विराजमान होने के बाद दस दिनों की दिनचर्या में काफी बदलाव आया। भगवान की पूजा-अर्चना के लिए सुबह जल्दी उठना, घर की साफ-सफाई करना, स्नान कर भगवान के लिए भोग तैयार करना और इसके बाद नियमित रूप से पूजा-पाठ करना इन दिनों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। महिलाओं ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों में भी भगवान गणेश के प्रति विशेष भक्ति और श्रद्धा देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक घर में धार्मिक वातावरण बना रहा। पूजा-पाठ और भगवान की सेवा में दस दिन कब बीत गए, इसका पता ही नहीं चला। बप्पा की विदाई के दौरान परिवार के सदस्यों को भावुकता भी हुई, लेकिन इन दस दिनों में जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को आगे भी जारी रखने की बात महिलाओं ने कही।

अगले बरस जल्दी आने की कामना

गणपति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। भक्तों ने बप्पा को भावभीनी विदाई देते हुए अगले वर्ष पुनः घर आने की कामना की। विसर्जन के दौरान हर तरफ गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष सुनाई देता रहा। इसी के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन भक्तिमय वातावरण में हुआ।

मानस उद्यान में किया पौधारोपण

श्रद्धा पूर्वक मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भारतीय जनसंघ के नेता,भाजपा संगठन के प्रेरणा पुंज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा संगठन के नेताओं ने दीनदयाल जी के जीवन वृत पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व लटेरी रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय मानस उद्यान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पं दीनदयाल मानस चेतना उद्यान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रमेश यादव ने एकात्म मानववाद के प्रणेता तथा मानव समाज की उन्नति प्रगति के लिए अंत्योदय के कल्याण का मंत्र देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन परिचय से कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए राजनैतिक दल के कार्यकर्ता के रूप उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान एकत्रित भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं सार्वजनिक जीवन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत परिसर में भाजपा नेताओं ने पार्क परिसर में फैले कचरे को एकत्रित कर झाड़ू लगाकर एवं कचरा एकत्रित करके स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया। इसके उपरांत परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी संगठन की रीति नीति अनुसार अपने बूथ केंद्र को मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता तोषमनी पंथी,सचिन शर्मा,बलजीत यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ संपन्न हुआ 12 दिवसीय गणेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्री गणेश मंदिर गणेश अथाई पर परंपरानुसार आयोजित 12 दिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह धार्मिक उल्लास एवं भक्ति भाव के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। गणेश उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सनातन धर्म आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं ने उपस्थित होकर सहभागिता की। उत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से परिचित कराने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि मंदिर परिसर में महिला संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भगवान श्री गणेश एवं देवी-देवताओं की स्तुति में सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

आरती के साथ हुआ समापन

शुक्रवार को 12 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन विधि-विधान से हवन-पूजन एवं आरती के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री गणेश का पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे, गणेश उत्सव के समापन अवसर पर भक्तों ने भगवान श्री गणेश को नम आंखों से विदाई दी। इसके बाद चल समारोह निकाला गया, जो देर रात तक चलता रहा। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। 12 दिवसीय गणेश उत्सव ने नगरवासियों को सनातन संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने कार्य किया।

राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिरोंज के चार खिलाड़ी करेंगे भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

70वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 सितंबर 2026 तक सतना के सिंधु स्कूल, रीवा रोड में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी 10 संभागों की ताइक्वांडो टीमें हिस्सा लेंगी।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में सिरोंज के आदर्श ताइक्वांडो क्लब के चार प्रतिभावान खिलाड़ी भी शामिल हुए हैं, जो अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित की जा रही है। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी समर्थ दिनकर अंडर-35 किलोग्राम, नवदीप जाट अंडर-35 किलोग्राम तथा ध्रुव प्रताप सिंह रघुवंशी अंडर-41 किलोग्राम भार वर्ग में बालक वर्ग में हिस्सा लेंगे। वहीं बालिका वर्ग में विधि कुशवाह अंडर-46 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगी। इन चारों खिलाड़ियों ने इससे पहले



भी विभिन्न स्तरों की ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर खिलाड़ियों एवं उनके परिजनों में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही है। भोपाल संभाग की ताइक्वांडो टीम के कोच के रूप में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह भी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उनके मार्गदर्शन में भोपाल संभाग के खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मैदान में उतरेंगे। खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन पर खेलप्रेमियों एवं नगरवासियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सेवा संकल्प अभियान यात्रा का खरगोन-बरेली में हुआ आगमन

यात्रा के बाइकर्स से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद



बरेली। बनारस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर प्रारंभ हुई युवाओं की सेवा संकल्प अभियान यात्रा का खरगोन एवं बरेली आगमन पर आत्मीय स्वागत हुआ। बरेली में रात्रि विश्राम हुआ, प्रधानमंत्री मोदी जी ने वीडियो कॉल के माध्यम से बाइक यात्रा के सेवार्थियों से उनके निचले स्तर पर अनुभवों एवं सफाई कर्मियों के सम्मान जैसे विषयों पर संवाद चर्चा की गई।

सेवा संकल्प अभियान यात्रा के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आने की खबर थी नहीं आ पाए शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक राज मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, विधायक सुरेंद्र पटवा, डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, संगठन प्रभारी राजो मालवीय, भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं स्थानीय नेताओं महिलाओं की उपस्थिति रही। यात्रा में शामिल बाइक सवार सेवार्थियों का आदमी स्वागत किया गया।

रवाना हुई यात्रा

शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान बाइक यात्रा के सेवार्थी सरस्वती शिशु मंदिर में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए टीम पहल के सेवाश्रम भी पहुंचे इसके बाद राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भाजपा के नेताओं द्वारा यात्रा को बाड़ी की ओर रवाना किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर में वन्दे मातरम नमामि भारतम का हुआ आयोजन

स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम बना प्रेरणास्रोतः मंत्री पटेल

वंदे मातरम के सामूहिक गायन में मंत्री पूर्व मंत्री और बाइक सवार सेवार्थियों की रही उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

राष्ट्रीयगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के आवाहन पर नमामि भारतम कार्यक्रम के अंतर्गत एक साथ, एक स्वर, एक लय में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिस प्रकार मोती एक धागे में पिरोए जाते हैं, उसी प्रकार पूरा देश वन्दे मातरम के स्वर में एकता के सूत्र में पिरोया हुआ दिखाई दिया। एकता, अखंडता और देशप्रेम को एक साथ, एक लय और एक समय में देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र



पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा , जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल , जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया गया।

वंदे मातरम गायन पर इनाम

कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् के सामूहिक गायन करने वाले सभी भैया बहनों को राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने 11-11सौ रुपए देने की घोषणा की राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम का गायन करते हुए हजारों शहीद हो गए राष्ट्रीयता स्वतंत्रता के प्रेरणा स्त्रोत वंदे मातरम का स्वतंत्रता के बाद अधूरा गायन होता रहा प्रधानमंत्री मोदी जी ने वंदे मातरम के पूर्ण गायन का ऐतिहासिक निर्णय कर राष्ट्रीयता की ज्योति जलाने का कार्य किया है मंत्री पटेल ने कहा कि जहां देखो वहां मोदी जी के कार्य दिखलाई दे रहे हैं कहा कि वंदे मातरम का गायन करने वाले सामने खड़े भैया बहन देश का आने वाला भविष्य है कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश तिवारी प्राचार्य द्वारा एवं सभी का आभार राधेश्याम पालीवाल ने व्यक्त किया।

नर्मदा बारना घोघरा नदियों में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

गणेश उत्सव का हुआ समापन, गणपति बप्पा को दी विदाई, खेड़ापति माता मंदिर समिति ने किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन हुआ। नगर में स्थान स्थान पर ब्राजे श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन पूर्व समितियाओ द्वारा हवन पूजन और प्रसादी वितरण के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में अनंत चौदस का चल समारोह निकाला गया। कब्रिस्तान चौराहे पर मंच लगाकर खैड़ापति माता मंदिर समिति के पदाधिकारियो सदस्यों द्वारा विसर्जन के लिए निकली सभी श्री गणेश प्रतिमाओं का पूजन और सम्मिलित लोगों का स्वागत सम्मान किया गया।




प्रतिमाओं का विसर्जन

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित हुई श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन के लिए दिनभर छोटे-छोटे चल समारोह नगर की प्रमुख मार्गों पर निकलते रहे। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान अचानक हल्की बारिश होती रही जिससे समितियो के सदस्य भीगते रहे इसके बाद भी सदस्यों का उत्साह भरपूर बना रहा। गणेश उत्सव समितियो द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार नर्मदा मैया बांरना घोगरा नदियों में श्री गणेश की प्रतिमाओं का विशेष पूजन आरती और अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना करते हुए विसर्जन किया गया।

आज से पितृपक्ष की शुरुआत, नर्मदा तट मांगरोल में तर्पण की विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

आज 26 सितंबर से पितृ पक्ष का शुभारंभ हो रहा है। भारतीय संस्कृति सनातन धर्म में पितृ पक्ष में श्राद्ध तर्पण करने का विशेष महत्व है। नर्मदा तठ मांगरोल में कथा व्यास महामंडलेश्वर पूज्य ब्रह्मचारी जी के सानिध्य में विद्वान आचार्यों द्वारा विधि विधान से श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम प्रतिदिन किया जाएगा। समाजसेवी नरसी प्रसाद शर्मा कमल किशोर शर्मा ने सभी धार्मिक श्रद्धालुओं से अपने पूर्वजों के लिए तर्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



हनुमानगढ़ के पास व्यवस्था- नगर से लगकर बहने वाली घोगरा नदी के किनारे स्थित सिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर के पास श्राद्ध पक्ष में पितरों के तर्पण के लिए घाट पर साफ सफाई की व्यवस्था नगर परिषद द्वारा की गई है। नगर के अधिकांश निवासियों द्वारा अपने पितरों के लिए तर्पण दशकों से किया जा रहा है। घाट की अच्छी व्यवस्था से अगले 15 दिनों तक दर्पण करने वालों को विशेष सुविधा नदी किनारे स्वच्छता बनाए रखने का सराहनीय प्रयास नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया के निर्देश पर किया गया है।

श्री गणेश प्रतिमाएं विसर्जन करने नदी, तालाबों के घाटों पर श्रद्धालुओं का लगा

गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ बप्पा को विदा किया

घाटों पर तैनात रहे प्रशासनिक अधिकारी, गोताखोर, पुलिस कर्मियों की टीमें रही मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन





अनंत चतुर्दशी के साथ शुक्रवार को गणपति बप्पा की विदाई हो गई। घरों और पंडालों में गणपति स्थापित कर 10 दिनों तक पूजा-अर्चना करने के बाद शुक्रवार को जब लोगों ने उनकी विदाई की तो कईयों की आंखों में आंसू भी दिखे। शहर में मिश्र तालाब घाट पर नपा परिषद द्वारा बनाए गए जल कुंड में दोपहर बाद से ही भगवान गणेश जी की छोटी प्रतिमाएं विसर्जन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। जिले भर में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...' के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। रायसेन शहर सहित जिले भर में दस दिनों से गणेश भगवान की भक्ति आराधना में भक्त डूबे हुए थे। सुबह-शाम गणेश झांकी पंडालों में आरती-पूजन के साथ ही भजन-कीर्तन हो रहे थे। सार्वजनिक पंडालों के साथ ही घरों में भी लोगों ने प्रतिमाएं स्थापित कर रखी थीं। कई लोगों ने कम दिन के लिए प्रतिमाएं स्थापित की थीं, उनके द्वारा पहले ही विसर्जन कर दिया गया था। लेकिन ज्यादातर लोगों ने शुक्रवार को ही गणेश प्रतिमाएं विसर्जित की। विसर्जन स्थल पर सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें पुलिस बल और गोताखोरों की टीमें तैनात रहीं। पगनेश्वर बेतवा नदी घाट में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा एसडीएम मनीष शर्मा तहसीलदार भरत सिंह मंडले,एडिशनल एसपी दीपक नायक और टीआई कोतवाली नरेंद्र गोयल खुद मौजूद रहे।वह बेतवा नदी घाट पर भीड़ रोकने के लिए खड़े रहे। इसी तरह होमगार्ड सैनिकों और एसडीआरएफ के जवान भी पूरी तैयारी में थे। नगर पालिका परिषद पटवारी कोटवार का अमला भी मुस्तैदी से लगा रहा।

हाइड्रा जेसीबी मशीनों से विसर्जित की बड़ी गणेश प्रतिमाएं

बड़ी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा विसर्जन स्थलों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। यहां गौरी नंदन गणेश की बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए हाइड्रा जेसीबी मशीनों की व्यवस्था की गई थी। हाइड्रा मशीन की मदद से पूरी सावधानी के साथ बड़ी गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया

डीजे और ढोल नगाड़ों पर जमकर थिरके भक्त

गणपति बप्पा की विदाई के लिए भक्तों द्वारा ढोल नगाड़ों और डीजे के इंतजाम किए गए थे। घरों और गणेश झांकी पंडालों से थिरकते हुए और गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तुम जल्दी आना के जयकारे लगाते हुए लोग विसर्जन स्थल पहुंचे। गणेश भक्तों ने जमकर रंग गुलाल भी उड़ाया। विसर्जन स्थल में पूजा-अर्चना आरती करने के बाद गणेश प्रतिमाएं श्रद्धापूर्वक विसर्जित की गई।

घरों में भी छोटी गणेश प्रतिमा विसर्जन

नदी तालाबों को प्रदूषण से बचाने के साथ ही भीड़ से बचने के लिए लोग अब घरों से भी छोटी गणेश प्रतिमाएं विसर्जित करने लगे हैं। इस बार भी तमाम लोगों ने घरों में ही टब या बाल्टी बड़े गमलों में छोटी मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

अनंत चतुर्दशी पर धूमधाम से किया गणेश विसर्जन, गूंजे जयकारे



गैरतगंज। नगर में अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विसर्जन समारोह की शुरुआत स्थानीय श्रीराम जानकी मंदिर से हुई। यहाँ से चल समारोह प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ हनुमान मंदिर, टेकापार पहुँचा। इसके पश्चात, समारोह पुनः मुख्य मार्ग से होते हुए विसर्जन घाट पहुँचा, जहाँ विधि-विधान के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बीना नदी के विसर्जन घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोग अपने घरों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पहुँचे और भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला।

चौकस रही प्रशासनिक व्यवस्था

शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। थाना प्रभारी डीपी लोहिया अपने दल-बल के साथ पूरे चल समारोह के दौरान मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखी, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

पितृपक्ष आज से, पिंडदान-तर्पण का रहेगा विशेष महत्व

पंद्रह दिन पितरों को याद करेंगे लोग पितृपक्ष अमावस्या को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सनातन हिंदू धर्म में पितरों को देवताओं के समान पूज्य माना गया है। पितरों की आत्मा की शांति, मोक्ष और आशीर्वाद प्राप्ति के लिए समर्पित पितृपक्ष इस वर्ष 26 सितंबर शनिवार से शुरू हो रहा है। इस बार पितृपक्ष पूरे 15 दिन का होगा और इसका समापन 10 अक्टूबर शनिवार को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर होगा। धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला, पंडित राजेंद्र दुबे सोमवारा, पंडित राममोहन चतुर्वेदी के अनुसार इस बार शनिवार से शुरू होकर शनिवार पर ही समाप्त होने वाला यह संयम बेहद दुर्लभ और फलदायी माना जा रहा है। शनिवार का दिन शनिदेव के साथ-साथ पितरों की कृपा के लिए भी उत्तम होता है।इसलिए इस बार दान-पुण्य का फल कई गुना मिलेगा।

क्या है मान्यता

पंडित संतोष शास्त्री ने बताया कि मान्यता के अनुसार पितृपक्ष के दौरान हमारे पूर्वज पितृलोक से पृथ्वीलोक पर आते हैं। इस दौरान श्रद्धा से किया गया जल से तर्पण, पिंडदान, हवन और ब्राह्मण भोजन सीधे पितरों तक पहुंचता है। गरुड़ पुराण और मार्कंडेय पुराण में भी कहा गया है कि जो व्यक्ति श्रद्धा से अपने पितरों का श्राद्ध करता है, उसे दीर्घायु, धन, ज्ञान, संतान सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। इस दौरान पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है।

इन बातों का रखें विशेष ध्यान

पितृपक्ष के 15 दिनों में कोई भी नया काम, मकान की नींव, गाड़ी खरीदना, शादी-विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। घर में सात्विक भोजन बनाएं। लहसुन-प्याज, मांस-मदिरा से पूरी तरह परहेज करें। काले कपड़े पहनने से बचें। ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा देना और गरीबों को दान

युवाओं ने तालाब की साफ सफाई की

शनिवार से पितृपक्ष शुरू होने जा रहे हैं। लोग अपने पूर्वजों को मिश्र तालाब घाट पर जल से तर्पण करने धार्मिक अनुष्ठान करने रोजाना मिश्र तालाब घाट आएंगे। मिश्र तालाब में बारिश के चलते जलकुंभी, कमल की जड़ें,हरी काई बड़े पैमाने फैली हुई थीं। लेकिन शहर के युवाओं द्वारा श्रमदान कर कचरे को तालाब से बाहर निकाल भरपूर सहयोग कर सराहनीय योगदान किया। इनमें मनोज रानी कुशवाह गोपालपुर, आप नेता प्रदीप मिर्धा, दीपक भदौरिया दादा भाई आदि शामिल रहे।

कैसे करें श्राद्ध क्या है विधि

पंडितों के अनुसार श्राद्ध हमेशा दोपहर के कुतप काल में करना चाहिए।जिसका समय सुबह 11:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होता है। सुबह या शाम को श्राद्ध नहीं करना चाहिए। तर्पण के लिए काले तिल, जौ, कुशा, गंगाजल और दूध का प्रयोग करें। पिंडदान के लिए चावल के पिंड बनाकर पंचबलि यानी गाय, कौआ, कुत्ता, देवता और चींटी के लिए भोजन निकालना चाहिए।

बाजार में तैयारी तेज

पितृपक्ष को लेकर बाजार में भी तैयारी तेज हो गई है। पूजन सामग्री, तिल, जौ, कुशा, जनेऊ, पीतल के लोटे और धोती की बिक्री बढ़ गई है। इधर, रायसेन जिले से हर साल की तरह इस बार भी सैकड़ों लोग गया, प्रयागराज, काशी बनारस और ब्रह्मकुंड में पिंडदान के लिए जाएंगे। जिले की पुण्य सलिला नर्मदा नदी के तट और जीवन दायिनी बेतवा नदी के घाटों और रायसेन शहर के मिश्र तालाब घाट पर भी स्थानीय स्तर पर तर्पण किया जाएगा।

प्राथमिक उपचार के बाद सागर रेफर

साजखेड़ा के पास भिड़ीं दे बाइक पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल

108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सुल्तानगंज अस्पताल पहुंचाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी



शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे साजखेड़ा के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवारों सहित पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सुल्तानगंज अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केसलोन खजुरिया निवासी सुरेंद्र पिता हल्के भाई राजपूत (50) अपने 17 वर्षीय बेटे प्रियांशु पिता सुरेंद्र राजपूत के साथ सुबह गांव से ककड़ी बेचने के लिए सिलवानी जा रहे थे। इसी दौरान साजखेड़ा के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सियरमऊ निवासी कमलेश चौरसिया (42) सुल्तानगंज की ओर जा रहे थे।टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सुल्तानगंज अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने में 108 एंबुलेंस की भूमिका अहम रही। समय पर एंबुलेंस पहुंचने से तीनों घायलों को बिना देरी के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के उपचार के लिए सागर भेजा गया।

आधार में नाम सुधरवाना बना टेंशन, लोगों को लगाने पड़ रहे भोपाल, रायसेन के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



आधार कार्ड में नाम सुधारवाना अब लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है, इसके लिए लोगों को जिले के केंद्रों से लेकर भोपाल तक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ई-गवर्नेंस कक्ष में इस तरह के मामले रोजाना पहुंच रहे हैं। दरअसल पहले जहां आवश्यक दस्तावेज देने से ही नाम में सुधार हो जाता था। अब गजट नोटिफिकेशन अनिवार्य कर दिया गया है। गजट नोटिफिकेशन के बाद जरूरी दस्तावेज लगाने पर ही नाम या फिर सरनेम में सुधार हो पाता है। यदि किसी के नाम दस्तावेजों में संतू है, सामान्य बोलचाल या फिर घर के अन्य सदस्यों के नामों में घर जोड़ने से उसका आधार कार्ड में संतोष हो गया है। अब आगे जो कागजात उसे बनवाने हैं तो यह जरूरी है कि आधार कार्ड में भी सही हो। इसके लिए उस व्यक्ति को भोपाल जाकर गजट नोटिफिकेशन कराना अनिवार्य है। इसी तरह से अक्षत महिला के नाम में देवी जोड़ते हुए आधार कार्ड बना दिया जाता है। बाद में इसे हटाने में भी इसी तरह की प्रक्रिया का पालन करना होता है।

आम लोगों की हो रही रोजाना फजीहत

इस तरह की गलती दो स्तरों से होती है। कभी आधार सेंटर में काम करने वाले ऑपरेटर से जल्दबाजी में त्रुटि हो जाती है तो कभी आधार कार्ड बनवाने वाले फॉर्म में ध्यान नहीं दे पाते। जिसके चलते बाद में परेशानियां उठानी पड़ती हैं। खासतौर पर कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो नाम में मात्राओं की सही स्थिति नहीं जान पाते। यहां तक की अंग्रेजी में भी ठीक तरह से नाम नहीं लिख पाते। अब उनकी मजबूरी रहती है कि ऑपरेटर जो लिख दिया। उसे देखते के बाद उसे ही ओके कर देते हैं और फिर बाद में सुधार के लिए यहां से वहां भटकना पड़ता है।

प्रक्रिया को जानें, जिससे न हो भटकाव

सुधार के लिए आधार सेवा केंद्रों में भटकने की अपेक्षा आपको कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई-गवर्नेंस कक्ष में जाकर संपर्क करना होगा। यहां पर अधिकारी और कर्मचारी आपको वहीं सही जानकारी देंगे जिससे कि आपको परेशानी न हो। कार्यालय में बकायदा शासकीय मुख्यालय मध्य प्रदेश का पता और संपर्क नंबर की जानकारी चस्पा की गई है। इसके साथ ही नाम परिवर्तन का फॉर्मेट भी लगाया गया है। भोपाल में शासकीय मुद्रणालय कार्यालय में जाकर दस्तावेज के साथ फीस जमा करते हुए नाम परिवर्तन का प्रकाशन करा सकते हैं। जिसके बाद ही नाम में किसी तरह का सुधार हो पाता है। रायसेन के भारत नगर कॉलोनी सांची रोड़ पर भी रायसेन आधार केंद्र खुल चुका है। आधार कार्ड सुधरवाने अब भोपाल के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे।

इनका कहना है

नाम और सरनेम में सुधार के लिए गजट नोटिफिकेशन कराना अनिवार्य है। यह जरूरतमंद लोग कार्यालय में अक्सर आते हैं। जिन्हें सही तरह की जानकारी दी जाती है। गजट नोटिफिकेशन के बाद आगे की प्रक्रिया यहां से की जाती है, जिससे कि लोगों का काम समय पर हो सके।

- **धर्मेंद्र नायक,** प्रबंधक ई-गवर्नेंस रायसेन

शासकीय राशन दुकान का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने खाद्यान्न की गुणवत्ता स्टॉक, वितरण की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्टर अरुण विश्कवर्मा द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत अमोदा में शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकान का निरीक्षण कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न की गुणवत्ता देखी तथा वितरण व्यवस्था, स्टॉक और रिकॉर्ड की जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद्यान्न का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा और गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण की प्रक्रिया, स्टॉक पंजी, वितरण रजिस्टर और अन्य अभिलेखों का भी अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर समय पर राशन मिलने, गुणवत्ता तथा वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी राजू कातुलकर सहित संबंधित अधिकारियों और राशन विक्रेता को निर्देशित किया कि खाद्यान्न का नियमित एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। दुकान पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित रहे तथा स्टॉक और रिकॉर्ड अद्यतन रखे जाएं।

ब्रेक फेल होने से खाई में जा गिरा मिनी ट्रक, बालमपुर घाटी में टला बड़ा हादसा

चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक नियंत्रित नहीं हुआ



दीवानगंज। भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। करीब 40 किलोमीटर लंबे मार्ग पर आए दिन किसी न किसी स्थान पर दुर्घटना सामने आ रही है। गुरुवार को बालमपुर घाटी उतरते समय एक मिनी ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि मिनी ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 04 सीबी 3797 बालमपुर घाटी से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान अचानक उसके ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने के बाद वाहन अनियंत्रित होकर खाई की ओर चला गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई।

वाराणसी से वडनगर तक की सेवा संकल्प यात्रा ने बाड़ी में किया प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा वाराणसी से वडनगर तक ह्यसेवा संकल्प यात्राह्न प्रारंभ की गई है। यह यात्रा गांव-गांव पहुंचकर युवाओं को सेवा कार्यों और राष्ट्र निर्माण से जोड़ रही है। शुक्रवार को यात्रा के बाड़ी मंडल में प्रवेश करने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।

मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

जनपद कार्यालय में आयकर दाता और संपन्न व्यापारियों का तांता लगा

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना बनी मजाकः अपात्रों और व्यापारियों के आवेदन पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जरूरतमंद और गरीब बुजुर्गों के लिए बनाई गई थी, लेकिन गैरतगंज जनपद पंचायत में इस योजना की धज्जियां उड़ती हुई नजर आ रही हैं। कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर जनपद कार्यालय में आयकर दाता और संपन्न व्यापारियों का तांता लगा रहा, जिससे पात्र और वास्तविक हितग्राही अपने हक से वंचित होते दिखाई दे रहे हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं नागरिकों को मिल सकता है जो आयकर दाता नहीं हैं। इसके बावजूद गैरतगंज जनपद पंचायत परिसर में गुरुवार को बड़ी संख्या में व्यापारी संघ से जुड़े संपन्न लोगों को धड़ल्ले से आवेदन करते हुए देखा गया। इस नज़ारे के बाद से पूरे शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इनका कहना है...

आवेदन कोई भी कर सकता है, उसकी जांच नगर परिषद के सीएमओ और जनपद के सीईओ करेंगे, जो पात्र और अपात्र की सूची तैयार करेंगे।"

हर्षल चौधरी, एसडीएम, गैरतगंज

प्रशासनिक दावों पर भारी पड़ रही जमीनी हकीकत

भले ही प्रशासन यह दलील दे रहा है कि छंटनी के बाद ही अंतिम सूची तैयार होगी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जब शुरुआती स्तर पर ही अपात्र लोग आवेदन करने पहुंच रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं, तो क्या वाकई जरूरतमंदों को उनका हक मिल पाएगा? आम जनता का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह योजना गरीबों के बजाय केवल संपन्न वर्ग के सैर-सपाटे का जरिया बनकर रह जाएगी।